## खबर संक्षेप

### गिट्टी का अवैध परिवहन पर दो वाहन किये जब्त

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी के कुशल निर्देशन में जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध प्रशासन द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। वित्तीय वर्ष के समापन को ध्यान में रखते हुए राजस्व वृद्धि और अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से खनिज विभाग का अमला लगातार मैदानी स्तर पर सक्रिय है।इसी क्रम में शनिवार को खनिज विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए अवैध गिट्टी परिवहन में संलिप्त दो वाहनों को पकड़ कर जब्त कर लिया। जब्त किए गए वाहनों को अग्रिम कार्रवाई हेतु थाना कुठला की अभिरक्षा में खड़ा कराया गया है।इस कार्रवाई के दौरान खनिज विभाग के कमलकांत परस्ते एवं पवन कुशवाहा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। टीम द्वारा दस्तावेजों की जांच के दौरान परिवहन में अनियमितता पाए जाने पर यह कार्रवाई की गई।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध उत्खनन एवं परिवहन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### आजाद चौक में मृतक अवस्था में मिला युवक

**कटनी।** कोतवाली थाना अंतर्गत आजाद चौक में रविवार को एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ। युवक के मुंह से खून निकल रहा था, जिससे मौत की वजह को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार युवक को क्षेत्र में बीमार हालत में देखा गया था। वह काफी कमजोर और अस्वस्थ नजर आ रहा था लेकिन जब लोगों की नजर उस पर पड़ी तो वह मृत अवस्था में था और उसके चेहरे पर खून के निशान थे। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना करने के बाद शव को अपने कब्जे में लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मर्चुरी भेज दिया है। पुलिस मृतक की पहचान करने का प्रयास कर रही है ताकि उसके परिजनों को सूचित किया जा सके। युवक की मौत किसी गंभीर बीमारी की वजह से हुई है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है, यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। थाना प्रभारी का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### महावीर जयंती मांसाहार क्रय विक्रय प्रतिबंधित

**कटनी।** शासन द्वारा महावीर जयंती पर्व की तिथि में परिवर्तन किए जाने के फलस्वरूप अब यह पर्व 31 मार्च के स्थान पर 30 मार्च, सोमवार को मनाया जाएगा। इसी क्रम में नगर निगम प्रशासन द्वारा उक्त दिवस पर नगर सीमा क्षेत्र में मांसाहारी पदार्थों के क्रय-विक्रय पर प्रतिबंध लागू किया गया है।नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन के निर्देशों के अनुपालन में अब सोमवार 30 मार्च को मुर्गा, मुर्गी, मांस एवं मछली सहित सभी प्रकार के मांसाहारी पदार्थों का विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इस संबंध में नगर के समस्त संबंधित व्यवसायियों को आम सूचना जारी कर निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित तिथि 30 मार्च सोमवार को अपने प्रतिष्ठान बंद रखें। स्वास्थ्य अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों एवं दुकानदारों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### महावीर जयंती पर होंगे विविध आयोजन

**सिलौंडी।** सिलौंडी और कछार गांव बड़ा की सकल जैन समाज श्री महावीर जयंती पर विविध आयोजन करेंगी।जिसमें कछार गांव बड़ा में सुबह 7 बजे से विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा के बाद भगवान श्री महावीर का अभिषेक पूजन होगा। सिलौंडी में दोनों दिगम्बर जैन मंदिर में सुबह अभिषेक,शांति धारा पूजन होगा। रात्रि में आरती और भजन कीर्तन का आयोजन होगा।

## रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम कागजों तक ही सिमटा, धरातल में स्थिति चिंताजनक

# भूमिगत जल के अंधाधुंध दोहन से साल दर साल जिले में गिरता जा रहा जलस्तर

शहर सहित ग्रामीण अंचलों में साल दर साल भूमिगत जलस्तर में गिरावट के चलते पेयजल संकट का सामना नागरिकों को करना पड़ रहा है। जुगाड़ू प्रयासों से इस समस्या से निबटने के प्रयास तो किये जाते हैं लेकिन ये प्रयास स्थायी समाधान नहीं हो पाते। गर्मियों में लोगों को जरूरत के हिसाब से भी पानी नहीं मिल पाता। भीषण गर्मियों तक लोगों को पेयजल के लिए यहां वहां भटकना ही पड़ता है। टेंकरों के माध्यम से प्रशासनिक स्तर पर इस समस्या का समाधान करने प्रयास भले ही किये जाते हैं लेकिन जिस तरह से जलस्तर गिर रहा है आगामी सालों में स्थिति भयावह होगी।




हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नियमों के अनुसार शहर में मापदंडों के अनुसार घरों व शासकीय कार्यालय में रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम होना चाहिए। जो भी नए भवन बनते हैं उनकी अनुमति लेने पर रूफ वॉटर वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवाने की सिक्योरिटी भी जमा कराई जाती है लेकिन अनुमति मिलने के बाद शायद ही कोई भवन मालिक वॉटर हार्वेस्टिंग करने का सिस्टम है।

### क्या है रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम

रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम यानि बारिश के दिनों में छतों पर एकत्रित होने वाले पानी को जमीन में भेजने के लिए जो संरचना बनाई जाती है। उसे रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम कहा जाता है। इसके तहत एक जमीन में एक बोर कराया जाता है। बोर के ऊपर रेत व गिट्टी की लेयर बनाई जाती है। जिसमें छतों का पानी पहुंचता है और छन कर जमीन के अंदर चला जाता है।

### नियम पर एक नजर

गौरतलब है कि 140 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्रफल में भवन का निर्माण करने पर रूफ हार्वेस्टिग के प्रावधानों का पालन करना जरूरी है। मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम की धारा 74/4 के अनुसार भवन निर्माण में हार्वेस्टिम का प्रावधान किया गया है। भवनों का नक्शा पास होते समय भूस्वामियों से हार्वेस्टिग के लिये क्षेत्रफल के हिसाब से धरोहर राशि जमा करा ली जाती है। भवन निर्माण के दौरान हार्वेस्टिग सिस्टम का पालन कराने वाले भूस्वामियों को धरोहर राशि वापस कर दी जाती है।

### अंधाधुध जलदोहन से खतरा

गौरतलब है कि पहले की अपेक्षा अब भूजल दोहन बढ़ा है। सबसे ज्यादा निर्माण कार्यो में जल का उपयोग हो रहा है जबकि दीगर क्षेत्रो में भी दुरूपयोग कम नही है। इतना सब होने के बावजूद न तो आम आदमी जलसंरक्षण के प्रति सचेत है और न ही प्रशासन की ओर से ठोस प्रयास किये जा रहे है। ये सारे प्रयास केवल कागजी प्रयासो तक ही सीमित है। यदि शासन की मंशानुसार रूफ हास्वेस्टिग सिस्टम का पालन सुनिष्चित किया जाये तो वास्तव में तेजी से गिरते जलस्तर पर काफी हद तक नियंत्रण किया जा सकता है लेकिन इस दिशा में कही से कोई ठोस प्रयास नही किये जा रहे है।

जल गंगा अभियान के तहत लोगों को वर्षा जल सहेजने के लिए प्रेरित तो किया जा रहा है लेकिन जिम्मेदारों द्वारा नियमों का स्वयं ही पालन नहीं किया जा रहा है।

# अपराधी को पांच माह तक थाना में देनी होगी हाजिरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष तिवारी ने अमरैयापार थाना कैमोर निवासी सद्दाम खान पिता अनवर खान उम्र 36 वर्ष के विरूद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए आगामी 5 माह की अवधि तक प्रतिमाह की 1 और 16 तारीख को पुलिस थाना कैमोर में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री तिवारी ने यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर की है।

### आचरण में सुधार नहीं

सद्दाम खान के विरूद्ध वर्ष 2014 से अब तक कुल 7 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है। जिनमें हत्या के प्रयास से मारपीट करना, अवैध रूप से हथियार रखना, दंगा करना, शासन के आदेशों का उल्लंघन करना जैसे अपराध शामिल है। साथ ही सद्दाम साम्प्रदायिक भावनाओं को भड़काकर उत्तेजित कर लड़ाई झगड़ा करता है, जिससे लोगों में सद्भाव बिगड़ने की संभावना रहती है। पुलिस द्वारा सद्दाम के विरूद्ध कई बार प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। परंतु, आदतन अपराधी के आचरण-व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ।

सद्दाम द्वारा आपराधिक गतिविधियां निरंतर जारी रखने, आम जन के लिए आतंक का पर्याय बनने के कारण क्षेत्र में शांति एवं सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था पर पड़नें वाले प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए जिला दण्डाधिकारी ने तहत आदतन अपराधी के प्रवृत्ति पर नियंत्रण लगाने के लिए कार्रवाई करते हुए आगामी 5 माह तक पुलिस थाना कैमोर में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

### ईव्हींएम के वेयर हाउस का निरीक्षण आज

**कटनी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ईव्हीएम और व्हीव्ही पीएटी के जिलास्त्रीय वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण सोमवार 30 मार्च को शाम 5 बजे किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाम्बर मिश्रा ने जिले के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों से निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन कार्यालय के सामान्य निर्वाचन में उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

# तीन शातिर बदमाशों को दबोचा, जेवरात व वाहन बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



रंगनाथ नगर पुलिस ने तीन शातिर बदमाशों को अपनी गिरफ्त में लिया है। बदमाशों द्वारा न सिर्फ घरों व दुकानों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था बल्कि वाहन भी चोरी किया था। पुलिस के अनुसार

19 मार्च को प्रार्थी दीपेन्द्र भाई पटेल ने एवं संजय कुमार यादव थाने में सूचना दी थी कि हम लोग अपने घर में ताला लगाकर बाहर गये थे। घर वापस आने पर हमारे घर का ताला और अलमारी का सामान बिखरा हुआ था, जिसमें से सोने-चांदी के जेवरात और एक मोटर सायकल पेशन प्रो नही है। थाना प्रभारी अरूणपाल सिंह ने मामला कायम कर सूचना वरिष्ट अधिकारियो को देकर मामले की जांच में लग गये जो अन्य थानो से जानकारी लेने पर पता चला कि उक्त घटना दिनांक को थाना माधवनगर में भी चोर गिरोह के द्वारा समदडिया कालोनी माधवनगगर में भी घर के अंदर चोरी करने का प्रयास किया गया था। जिस पर थाना माधवनगर में अपराध क्र. 240/2026 धारा 331(4), 305(ए), 62 बीएनएस का अपराध पंजीबध्द है। मामले का गंभीरता को लेते हुये अलग अलग टीम गठित चोरो की तलाश शुरू की गई। चोर गिरोह को अलग अलग राज्य से पकड़ा गया। पुलिस ने लकी उर्फ सोनू शर्मा पिता स्व बाल कृष्ण शर्मा 32 साल निवासी ग्राम चैनपुर हाल मनेन्द्रगढ़ छ.गढ़, शिवम उर्फ शिवा मानिकपुरी पिता स्व शंकर मानिकपुरी 30 साल निवासी ग्राम केल्हारी थाना केल्हारी छ.गढ़. हाल ग्राम बिजुरी एवं सोनू साहू पिता भोले साहू उम्र 28 साल निवासी ग्राम गढ़ी थाना कोतमा जिला अनुपपुर को गिरफ्तार किया है। आरोपियो से पूछताछ करने पर चोरो के द्वारा एक साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया।

आरोपियों से 4 जगह चोरी गये माल मशरूका, नगदी रूपये एंव मो.सा.पेशन प्रो को बरामद कर एंव चोरी करने का प्रयास करने पर आरोपीगणो को गिरफ्तार कर जेल पहुंचाया गया। आरोपियों से सोने चांदी के जेवरात, नगदी, पेशन प्रो मोटर सायकल बरामद की गई है।

## वाहन रैली निकाल जियो और जीने दो का दिया संदेश



सकल दिगंबर जैन समाज, तेवरी के तत्वावधान में भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव के पावन अवसर पर रविवार को अजितनाथ दिगंबर जैन मंदिर से 'वाहन रैली' का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन श्वेत वस्त्र धारण कर सम्मिलित हुए ।केसरिया ध्वजों के साथ निकली वाहन रैलीसायं 4 बजे मंदिर से प्रारंभ हुई इस रैली में युवाओं और बुजुर्गों का उत्साह देखते ही बनता था। ₹जियो और जीने दो₹ तथा ₹अहिंसा परमो धर्म₹ के नारों के साथ संपूर्ण ग्राम प्रभु महावीर के संदेशों से गुंजायमान हो उठा। आयोजकों ने बताया कि इस रैली का मुख्य उद्देश्य भगवान महावीर के अहिंसा और शांति के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना है ।इस पावन अवसर पर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष डॉ. जिनेंद्र जैन, नरेंद्र जैन, संतोष जैन, प्रकाश चंद जैन, रमेशचन्द जैन, ऋषभ जैन, पवन कुमार, सहित समस्त दिगंबर जैन समाज के पुरुष, महिलाएँ एवं बच्चे उपस्थित रहे। पदाधिकारियों ने आगामी कार्यक्रमों में भी सभी धर्मप्रेमियों से ससमय सम्मिलित होने की अपील की है।

# समर्थन मूल्य पर जिले में आज से शुरू होगी चना और मसूर की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



रबी वर्ष 2025-26 (विपणन वर्ष 2026-27) हेतु चना एवं मसूर का उपार्जन 30 मार्च से 28 मई तक किया जाएगा। कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिले में ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत पात्र सत्यापित किसानों से चना एवं मसूर की खरीदी हेतु उपार्जन केन्द्र निर्धारित कर दिया है। जारी उपार्जन नीति अनुसार इस वर्ष औसत अच्छी गुणवत्ता के चना एवं मसूर का समर्थन मूल्य क्रमशः 5875 रुपए प्रति क्विंटल एवं 7000 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।

कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार कटनी तहसील में विपणन सहकारी संस्था कटनी द्वारा सीडब्ल्यूसी परिसर, इंद्रानगर में उपार्जन किया जाएगा। इसी प्रकार ढीमरखेड़ा तहसील में प्राथमिक कृषि साख समिति पान उमरिया द्वारा उप कृषि उपज मंडी पान उमरिया, बड़वारा तहसील में प्राथमिक कृषि साख समिति विलायतकला द्वारा उप कृषि उपज मंडी बड़वारा, बरही तहसील में प्राथमिक कृषि साख समिति पिपरियाकला द्वारा उप कृषि उपज मंडी बरही में उपार्जन किया जाएगा इसके अलावा विजयराघवगढ़ तहसील में प्राथमिक कृषि साख समिति जिवारा द्वारा सीडबल्यूसी परिसर, मां शारदा वेयरहाउस अमुवारी और बहोरीबंद तहसील में प्राथमिक कृषि साख समिति बहोरीबंद द्वारा एसडबल्यूसी परिसर बहोरीबंद में उपार्जन किया जाएगा।

उपार्जन कार्य सप्ताह में पाँच दिवस सोमवार से शुक्रवार प्रातः 8 बजे से शाम 8 बजे तक किया जाएगा। कृषक तौल पर्ची शाम 6 बजे तक जारी की जायेगी। यदि किसी कारणवश कृषकों की उपज की तौल सोमवार से शुक्रवार तक नहीं हो पाती, तो उनकी तौल शनिवार को की जायेगी।

## चैत्र नवरात्र पर्व पर जगह जगह प्रतिमाएं की गई थी स्थापित

# चल समारोह में मातारानी के दर्शनों के लिये उमड़ी श्रद्धालुजनों की भारी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान



चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर उमरियापान क्षेत्र में नौ दिनों तक श्रद्धालुओं ने पूरे भक्तिभाव के साथ मातारानी की पूजा-अर्चना की। दशमी तिथि पर भव्य चल समारोह के साथ देर रात मातारानी की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। नवरात्रि के अंतिम दिन सुबह से ही विभिन्न पंडालों में हवन-पूजन एवं भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।देरशाम मातारानी के पंडालों से चल समारोह प्रारंभ हुआ, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ विसर्जन घाटों तक पहुँचा। यहां विधिवत पूजा-अर्चना के बाद प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। चल समारोह के दौरान बैंड-बाजों और डीजे की धुन पर युवा, महिलाएं और पुरुष जमकर थिरकते नजर आए। पूरे नगर में भक्तिमय माहौल बना रहा और मातारानी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।चैत्र नवरात्रि पर्व पर उमरियापान के बाजार स्थित हनुमान मंदिर में काली माता, मुड़िया पुरवा में खेरमाता, नई बस्ती एवं कटरा बाजार के वंशकार मोहल्ला में दुर्गा माता की प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं। इसके अलावा पकरिया में काली माता तथा ढीमरखेड़ा के दुर्गा मंदिर में अंबे मां की प्रतिमा स्थापित कर नौ दिनों तक पूजा-अर्चना की गई। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना प्रभारी महेन्द्र जायसवाल पुलिस बल के साथ तैनात रहे।

### सिमरिया में सहकारिता सम्मेलन आज होगा

**उमरियापान।** बहुउद्देश्यीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित ढीमरखेड़ा के तत्वावधान में 30 मार्च को समिति कार्यालय सिमरिया में सहकारिता सम्मेलन का आयोजन किया गया है।समिति के सहायक प्रबंधक संजय पांडेय ने बताया कि कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगा। सम्मेलन में विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह और जिला पंचायत सदस्य कविता राय सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।प्रशासक बेबीनैना मेहरा एवं प्रबंधक रवि तिवारी ने समस्त सदस्यों एवं ग्रामीणों से उपस्थित होकर उत्सव को सफल बनाने अपील की है।

## साधूराम स्कूल में तीन दिनी पुस्तक एवं गणवेश मेला का आज अंतिम दिन

# छात्रों और अभिभावकों ने की खरीददारी, कैरियर काउंसलिंग का स्टॉल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिला प्रशासन द्वारा सुभाष चौक के समीप स्थित साधुराम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय पुस्तक मेला के दूसरे दिन आज रविवार को बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने अपने अभिभावकों के साथ पुस्तक मेला में पहुंच कर रियायती दर पर पाठ्य पुस्तकें, यूनिफार्म, शूज एवं कॉपियां और स्टेशनरी की खरीदी की। अवकाश होने के कारण पुस्तक मेला में रविवार को खासी चहल-पहल रही।

पुस्तक मेला अभिभावकों के लिए वरदान साबित हो रहा है। इस मेले के माध्यम से विद्यार्थियों को उचित और कम दामों पर उच्च गुणवत्ता वाली कॉपियां व किताबें उपलब्ध कराई जा रही हैं।

पुस्तक मेला में अधिकांश लोग रविवार की शाम को सपरिवार पहुंचे और खान-पान का भी ज़ायका लिया।शहर के मंगलनगर से अपने बच्चों के लिए कापी- किताब खरीदने पहुंचे शंकर शुक्ला ने कहा कि कलेक्टर श्री आशीष तिवारी की पहल पर लगे इस पुस्तक मेला से सभी अभिभावक खुश हैं। माधवनगर कैंप से अपने एलकेजी और कक्षा एक में निजी स्कूल में पढ़ रहे बच्चों के लिए पुस्तक खरीदने आईं महक बत्रा ने बताया कि पुस्तक मेला में यहां एक ही स्थान पर सभी शैक्षणिक सामग्री वाजिब दाम पर मिल रही है।साथ ही कापियों में तो 40 से 50 प्रतिशत तक की बंपर छूट मिल रहीं हैं।

वहीं मेला स्थल में लगे हैपी बुक स्टाल के प्रांजल सुहाने और राय बुक एजेंसी के अरूण राय ने कहा कि यहां छात्रों और अभिभावकों से बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है। इससे बिक्री भी बढ़ी है।

### जनाकर्षण का केंद्र बना बुक बैंक

पुस्तक एवं गणवेश मेला स्थल में लगे करीब 24 स्टालों में से 'बुक बैंक' के लगें स्टाल में पहुंच कर लोग पुस्तकें दान कर रहे हैं। संग्रहित होने वाली इन सभी पुस्तकों को समाज के जरुरतमंद छात्रों को प्रदान करने के निर्देश कलेक्टर श्री तिवारी ने दिया है। ताकि पाठ्य पुस्तक के अभाव में कोई छात्र पढ़ाई से वंचित न रहे और जरूरतमंद विद्यार्थियों का भी भविष्य संवर सके।

### कैरियर काउंसलिंग

कलेक्टर के निर्देश पर पुस्तक मेला में कैरियर काउंसलिंग का भी स्टाल लगाया गया है। जहां कैरियर काउन्सलर गौरा हल्दकार द्वारा कक्षा 10 वीं के छात्र-छात्राओं को कक्षा 11वीं में प्रवेश हेतु उनकी रुचियों का परीक्षण कर विषय चयन करने और कक्षा 12 वीं के छात्र-छात्राओं को कालेज में प्रवेश लेने और ट्रेनिंग के संभावित कोर्सों, व्यावसायिक शिक्षा आदि के संबंध की काउंसिलिंग कर विस्तारपूर्वक जानकारी दी जा रही है।

### आज भी लगेगा पुस्तक मेला

जिला प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को निजी स्कूलों की पाठ्यपुस्तकें न्यूनतम और प्रतिस्पर्धी कीमतों पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा पुस्तक मेला सोमवार 30 मार्च को भी लगेगा।

# युवक के साथ मारपीट, बोतल से हमला कर किया लहुलुहान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बरही थाना क्षेत्र में एक युवक की बेरहमी से पिटाई करने और कांच की बोतल से सिर फोड़ने की घटना हुई। घायल युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार घटना बरही के विजयराघवगढ़ मार्ग स्थित शराब दुकान की है।

बताया जाता है कि रविवार सुबह करीब 10:30 बजे नामदेव मोहल्ला निवासी रामकेश गुप्ता 28 वर्ष अपने एक साथी के साथ शराब खरीदने दुकान पहुंचा था। इसी दौरान खुले पैसे को लेकर दुकान कर्मचारियों से विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर शराब दुकान के आधा दर्जन कर्मचारियों ने एकजुट होकर युवक पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे लोगों को भी कर्मचारियों द्वारा खदेड़ दिया गया। आरोप है कि मारपीट के दौरान कांच की बोतल से युवक के सिर पर वार किया गया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आईं और वह लहूलुहान हो गया। घायल रामकेश को तत्काल बरही के शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। घटना के बाद शराब दुकान के सामने तनावपूर्ण स्थिति बन गई।

### आरोपितों की तलाश जारी

सूचना मिलते ही बरही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित करते हुए लोगों को शांत कराया। स्थानीय लोगों में घटना को लेकर भारी आक्रोश है तथा आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### लापता नाबालिग बालिका को महाराष्ट्र से किया दस्तयाब

**बरही।** खितौली चौकी पुलिस ने एक नाबालिग को महाराष्ट्र से दस्तयाब कर परिजनों से मिलाया। यह कार्यवाही वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में की गई। चौकी प्रभारी खितौली उनि.ऋषभ सिंह बघेल ने बताया कि साइबर सेल की मदद से नाबालिक बालिका को थाना घुंघूस जिला चंद्रपुर महाराष्ट्र से सकुशल दस्तयाब किया गया। पुलिस के अनुसार प्रार्थी भैयालाल ने शिकायत दर्ज कराई कि उसकी लड़की जिसकी उम्र 16 साल 4 माह की है सुबह करीब 11 बजे से घर से किराना दुकान के लिए निकली थी जो घर नहीं आई है। कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर भगाकर ले गया है। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। साइबर सेल कटनी की मदद से अपहर्ता के मोबाइल नंबर की लोकेशन के आधार पर टीम गठित कर महाराष्ट्र से सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया गया। कार्यवाही में उनि ऋषभ सिंह बघेल चौकी प्रभारी खितौली, प्र.आर. सीताराम वर्मा, आर आशीष पटेल, आर. शुभम गौतम एवं आर. अजय साइबर सेल की भूमिका रही।

### 16 हितग्राहियों के खाते में 36 लाख की राशि अंतरित

**कटनी।** नगर निगम सीमा के विभिन्न वार्डों के पात्र 16 मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के हितग्राहियों के बैंक खातों में 36 लाख रुपये की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की जिसमें सामान्य मृत्यु के 14 प्रकरणों में 28 लाख रुपये की अनुग्रह सहायता राशि और दुर्घटना मृत्यु के 2 प्रकरणों में 8 लाख रुपये की अनुग्रह सहायता राशि हितग्राहियों को प्रदान की गई। संबल योजना प्रदेश में असंगठित क्षेत्र में कार्यरत लाखों श्रमिकों के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। इसमें अनुग्रह सहायता योजना में दुर्घटना में मृत्यु होने पर 4 लाख रूपये एवं सामान्य मृत्यु पर 2 लाख रुपये प्रदान किये जाते हैं। इसी प्रकार स्थायी अपंगता पर 2 लाख रुपये एवं आंशिक स्थायी अपंगता पर 01 लाख रुपये तथा अंत्येष्टि सहायता के रूप में 5 हजार रुपये प्रदान किये जाते हैं। संबल योजना में जहाँ एक ओर महिला श्रमिक को प्रसूति सहायता के रूप में 16 हजार रूपये दिये जाते हैं तो वहीं दूसरी ओर श्रमिकों के बच्चों को शिक्षा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत निःशुल्क शिक्षा भी उपलब्ध करवायी जाती है। प्रदेश के लाखों श्रमिक एवं प्लेटफार्म वर्कर्स को भी संबल योजना में सम्मिलित किया जाकर इनका पंजीयन प्रारम्भ किया गया है। इन्हें भी संबल योजना में लाभ प्रदान किये जा रहे हैं।

### शिविर एवं डोर-टू-डोर पहुंचकर करों की वसूली



**कटनी।** वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति के मद्देनजर नगर निगम प्रशासन द्वारा बकाया करों पर दी जा रही विशेष छूट का लाभ दिलाने हेतु व्यापक स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशानुसार, नेशनल लोक अदालत की तर्ज पर 31 मार्च 2026 तक प्रदान की जा रही छूट के अंतर्गत शेष करदाताओं को लाभान्वित करने के उद्देश्य से रविवार, शासकीय अवकाश के दिन भी विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। नगर के पांच प्रमुख स्थलों नगर निगम कार्यालय, जोन कार्यालय माधव नगर, दुर्गा चौक खिरहनी उप कार्यालय, सुभाष चौक एवं बस स्टैंड पुलिस चौकी के समीप आयोजित शिविरों में करदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए बकाया करों का भुगतान कर छूट का लाभ प्राप्त किया। राजस्व अधिकारी श्री जागेश्वर प्रसाद पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविरों में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रही तथा उन्होंने सुविधा का व्यापक रूप से लाभ उठाया। इसके साथ ही, निगम के राजस्व वसूली अमले द्वारा घर-घर संपर्क कर ऐसे करदाताओं को जागरूक किया गया, जो अब तक करों का भुगतान नहीं कर पाए हैं। उन्हें 31 मार्च तक उपलब्ध छूट तथा 1 अप्रैल 2026 से बकाया राशि पर लागू होने वाली पेनाल्टी के संबंध में जानकारी दी गई।

---

**जलस्तर घटने कैसे होगा ग्रीष्मकालीन कृषि कार्य, किसानों को होगी परेशानी**

# जीवनदायिनी की धारा सूखने से गहराने लगा जलसंकट, किसानों की बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



ग्रीष्मकालीन सीजन की खेती का दौर चल रहा है। गेहूँ की कटाई का कार्य जोरो से शुरू हो गया है। कृषक ग्रीष्मकालीन मूंग व उडद फसल की बोवनी कर रहे है लेकिन इन सब के बीच आने वाले दिनों में किसानों के सामने ग्रीष्मकालीन सीजन की फसलो पर सिंचाई की समस्या हो सकती है क्योंकि स्लीमनाबाद क्षेत्र की जीवनदायिनी कटनी नदी सूख गई। बीच _बीच में ही कही पानी है। ऐसे में नदी का जल स्तर धीरे धीरे समाप्त होता जा रहा है जिससे ग्रीष्मकालीन सीजन की फसल का उत्पादन भी प्रभावित होने का डर किसानों का सताने लगा है।

### फसल न हो जाये प्रभावित

कृषक पवन यादव, पप्पू जैन, अमरनाथ पटेल, गन्धर्व सिंह ठाकुर ने बताया कि वर्तमान में स्लीमनाबाद अंडर ग्राउंड टनल का कार्य चल रहा है। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी जल स्त्रोत सूखने का कार्य शुरू हो गया है क्योंकि अंडर ग्राउंड टनल निर्माण कार्य के चलते जलस्तर पर कमी आ रही है। रबी सीजन की प्रमुख फसल गेंहू की खेती से आस बंधी थी की अच्छी फसल हो जाएगी जिससे सालभर का जीविकोपार्जन चल जाएगा।

कर्ज लेकर किसानों ने कृषि कार्य किया है लेकिन रबी सीजन की प्रमुख फसल गेंहू के लिए फरवरी, मार्च माह में अंतिम सिंचाई की आवश्यकता थी तब कटनी नदी का जलस्तर घटने लगा था जिससे बोरवेलों पर फर्क पड़ने लगा। बोरवेलों में जलस्तर घटने का असर देखा जा रहा है।साथ ही ग्रीष्मकालीन समय मैं पानी की भरी किल्लत मच जाएगी।जिससे ग्रामीण अंचलों मैं पानी का हाहाकार मच जाएगा पीने को पानी तक नही मिल पायेगा।

### नर्मदा जल पहुंचने की लगी है आस

स्लीमनाबाद के स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि जीवनदायिनी कटनी नदी में नर्मदा जल पहुँचे इसके लिए अनेकों बार विधायक सहित प्रशासनिक अधिकारियों से मांग की जा चुकी है। साथ ही चरणबद्ध तरीक़े से आंदोलन भी किया गया था। कटनी नदी से लाभान्वित होने वाली दर्जनों ग्राम पंचायतों ने भी ग्राम सभा से प्रस्ताव पारित कर कटनी नदी मैं नर्मदा जल पहुचाने की मांग कलेक्टर से कर चुके है लेकिन अभी तक कटनी नदी में नर्मदा जल पहुँचे इसको लेकर कोई ध्यान नही दिया गया है।जिससे कटनी नदी वर्षा जल तक ही पानी से सुशोभित होती है।यदि कटनी नदी मैं नर्मदा जल पहुँच जाए तो बारहमासी नदी में पानी रहा आएगा जिससे पशु-पक्षी साहित किसानों को लाभ मिलेगा। नदी में पानी रहने से किसान वर्ष की तीसरी ग्रीष्मकालीन फसल की खेती भी कर सकेंगे।

### इनका कहना है

इस संबंध में जिला पंचायत सदस्य पं. प्रदीप त्रिपाठी का कहना है कि स्लीमनाबाद क्षेत्र मे किसानों को सिंचाई के लिए नर्मदा जल मिले इसके लिए लगातार मांग की जा रही है। नर्मदा जल कटनी नदी को मिले जिससे जीवनदायिनी कटनी नदी मै जल धारा हमेशा प्रवाहित होती रहे। इसके लिए विधायक व कलेक्टर से भेंटकर मांग पत्र सौपा जायेगा

---

# 192 गाँवो के लिए नहीं है दमकल वाहन की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

ग्रीष्मकालीन समय शुरू हो गया है।खेतो में रबी सीजन की प्रमुख फसल गेंहू की कटाई का कार्य शुरू हो गया है लेकिन बहोरीबंद ब्लॉक के 192 गाँवो मैं आग लगने की घटना के दौरान उस पर काबू पाने के लिए ब्लॉक मुख्यालय मैं दमकल वाहन नही है।जिला मुख्यालय से जब तक वाहन पहुँचता है।तब तक फसल जलकर खाक हो चुकी होती है।

बहोरीबंद ब्लॉक में दमकल वाहन न होने से हर साल किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ता है और नुकसान उठाना पड़ता है।बहोरीबंद अनुभाग मैं दो तहसील स्लीमनाबाद व बहोरीबंद है।जिनमे 192 गांव आते है।इनमें से कई गांव जिला मुख्यालय से 65-से 70 किलोमीटर की दूरी पर है।दोनों तहसील मुख्यालयों मैं आग बुझाने के लिए फायर ब्रिग्रेड वाहन उपलब्ध नही है।

### गत वर्ष की तरह ही इस वर्ष भी हो स्थाई ठहराव

स्लीमनाबाद तहसील मुख्यालय मैं दमकल वाहन का स्थाई ठहराव गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी दो माह के लिए हो इसको लेकर आवाज उठने लगी है।जनप्रतिनिधियों सहित ग्रामीणों की मांग है कि स्लीमनाबाद में दमकल वाहन के स्थाई स्टॉपेज से बहोरीबंद व ढीमरखेड़ा दोनो विकासखण्डों मैं आगजनी की घटना पर समय रहते दमकल वाहन पहुँच जाएगा। जिला पंचायत सदस्य पंडित प्रदीप त्रिपाठी का कहना है कि स्लीमनाबाद में दमकल वाहन का स्थाई स्टॉपेज हो इसके लिए कलेक्टर से भेंटकर मांग की जाएगी।

### इनका कहना है

इस संबंध में विधायक प्रणय पांडेय का कहना है कि स्लीमनाबाद में दमकल वाहन का गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्रीष्मकालीन समय में फायर बिग्रेड का स्थायी ठहराव हो जिससे बहोरीबंद व ढीमरखेड़ा विकासखण्ड में आगजनी घटना पर नियंत्रण के लिए समय रहती सुविधा मिल जाएगी।कलेक्टर से इस संबंध मे स्लीमनाबाद दमकल वाहन स्टॉपेज की बात रखी जायेगी।

वहीं बहोरीबंद एसडीएम राकेश चौरसिया का कहना है कि बहोरीबंद अनुभाग में दमकल वाहन नही है यह मामला जानकारी मैं है। आगजनी की घटनाओं पर काबू पाने स्लीमनाबाद में दमकल वाहन का स्थाई ठहराव हो इसके लिए कलेक्टर से चर्चा की जाएगी।

---

**भक्ति भाव एवं उत्साह से साथ मनया गया श्रीराम नवमीं का पर्व**

# रामायण पर आधारित मोहक झांकियों के साथ निकली शोभायात्रा, जवारा जुलूस भी निकला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा



भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी पर बड़वारा नगर भक्ति और उल्लास के रंग में डूबा नजर आया। शाम होते ही नगर की सड़कों पर 'जय श्रीराम' के जयघोष गूंज उठे और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्री हिंदू उत्सव समिति के नेतृत्व में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। घंटाघर स्थित झंडा बाजार स्थित बिहारीजी मंदिर से प्रारंभ हुई शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली। यात्रा जैसे-जैसे आगे बढ़ती गई, श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती चली गई। मार्ग में नागरिकों ने घरों की छतों और दुकानों के सामने खड़े होकर शोभायात्रा का स्वागत किया। सड़कों पर उमड़ी भीड़ ने धार्मिक उत्सव को ऐतिहासिक रूप दे दिया।

'शोभायात्रा में रामायण आधारित झांकियां प्रमुख आकर्षण रहीं। भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। बच्चों और युवाओं ने विभिन्न धार्मिक पात्रों का स्वरूप धारण कर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। भक्ति संगीत और ढोल-नगाड़ों की धुन पर श्रद्धालु पूरे मार्ग में झूमते नजर आए।

बड़वारा नगर में महाकाली एवम जवारों का भव्य जुलूस निकाला गया जिसमें महाकाली खप्पर लेकर नृत्य कीं। बड़वारा के स्थानीय झंडा बाजार में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसे देखने भारी जनसमूह एकत्रित हुआ।स्वागत मंचों से हुआ अभिनंदननगर के कई स्थानों पर सामाजिक संगठनों एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों द्वारा स्वागत की व्यवस्था की गई थी। श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया गया तथा प्रसाद, शीतल पेय और अल्पाहार का वितरण किया गया। मंदिरों में दिनभर पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन का क्रम चलता रहा।

मुर्तिहा तालाब पहुंचकर शोभायात्रा का समापन हुआ, इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। आयोजकों ने बताया कि यह आयोजन लगातार प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है जिसमें नगर वासियों का उत्साह उल्लेखनीय रहा। रामनवमी का यह आयोजन धार्मिक श्रद्धा के साथ-साथ सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण का प्रतीक बनकर सामने आया।

---

**जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत तालाब की साफ सफाई**



जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगर निगम प्रशासन द्वारा रविवार प्रात: शिवाजी वार्ड स्थित बजरंग कॉलोनी तालाब एवं घाट पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, स्थानीय नागरिकों एवं निगम कर्मचारियों की उपस्थिति में सामूहिक श्रमदान किया गया। श्रमदान के उपरांत तालाब का स्वरूप पूर्णत: बदला हुआ नजर आया, जिससे क्षेत्र में स्वच्छता और जागरूकता का सकारात्मक संदेश प्रसारित हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती प्रभा गुप्ता, स्थानीय रहवासी छोटू निषाद, अनिल यादव, नगर निगम के कर्मचारी एवं सहयोगी संस्थाओं के वालेंटियर्स सहित अन्य जनों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। सभी ने मिलकर सामूहिक श्रमदान कर तालाब के किनारे फैले कचरे एवं अपशिष्ट की साफ-सफाई की तथा लगभग 10 बैग कचरा एकत्रित कर ट्रेचिंग ग्राउंड तक पहुंचाया।अभियान का मुख्य उद्देश्य जल स्त्रोतों का संरक्षण, स्वच्छता बनाए रखना एवं आमजन में जल के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को जल बचाने एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।इस पहल से क्षेत्र में न केवल स्वच्छता को बढ़ावा मिला, बल्कि नागरिकों में जल संरक्षण के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी की भावना भी सुदृढ़ हुई।

---

**शोभायात्रा का शहर में जगह जगह किया गया स्वागत**

# जीवंत झांकियों के साथ निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम का प्रक्टोत्सव बेहद उल्लास के साथ मनाया गया। श्रीराम की भक्ति से पूरा माहौल राममय होकर श्री राम के गगन भेदी नारों,भजनों और भक्तिमय गीतों के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। हिंदू उत्सव समिति के तत्वाधान में निकली शोभायात्रा के दौरान पूरा शहर केसरिया भगवा ध्वज पताका से सराबोर अयोध्या नगरी जैसा सुसज्जित सजा संवरा नजर आया। घंटाघर से प्रारंभ हुआ जुलूस दिव्य जीवंत मनमोहक चलित झांकियों, मातृ शक्तियों की शोभायात्रा में रंग बिरंगी पोशाकों में सहभागिता, बच्चों की कौतुक वेशभूषा को देखने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

शोभायात्रा का स्वागत करने अनेक स्थानों पर स्टॉल लगाए गए थे लेकिन असाटी समाज एवं वैश्य विकास समिति द्वारा लगाया गया स्टॉल जन आकर्षण का केंद्र और खासी चर्चा का विषय रहा। स्टॉल में सैकड़ो की संख्या में उपस्थित असाटी समाज के लोगों ने सभी के आराध्य श्रीराम की पूजा अर्चना, दीप प्रज्वलित कर हनुमान चालीसा पाठ किया। शोभा यात्रा का स्वागत आरती कर, पुष्प वर्षा, पुष्प माला, गीत भजनों के साथ महाप्रसाद वितरण, शीतल पेयजल व्यवस्था के साथ किया गया। असाटी समाज के स्टॉल में विभिन्न रंग बिरंगी सुसज्जित सुंदर वेशभूषा में बच्चों द्वारा प्रभु श्री राम, लक्ष्मण,जानकी, कृष्ण राधा, हनुमान, महाकाली, मां दुर्गा और शबरी की जीवंत मनमोहक झांकियों ने श्रद्धालु भक्तों को मंत्र मुग्ध कर दिया। श्रद्धालुओं की भीड़ का सजीव झांकियां को देखने, आशीर्वाद लेने और उनके संग सेल्फी लेने उमड़ पड़ा।

---

**स्व सहायता समूह से जुड़कर बनी लखपति दीदी, गांव के लिये प्रेरणास्त्रोत**

# आत्मनिर्भरता एवं साहस की मिसाल बनी उर्मिला सिंह, उम्मीद की खोली नई राह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जिले के रीठी विकासखंड के हरदारा ग्राम की उर्मिला सिंह आज आत्मनिर्भरता, साहस और संघर्ष की ऐसी मिसाल बन चुकी हैं, जिसने न सिर्फ उनके परिवार की तकदीर बदली, बल्कि पूरे गाँव की महिलाओं के लिए उम्मीद की नई राह खोल दी।

एक समय था जब उर्मिला सिंह का जीवन भी सामान्य ग्रामीण महिलाओं की तरह सीमित संसाधनों और आर्थिक तंगी से घिरा हुआ था। परिवार की जिम्मेदारियाँ और आय के सीमित साधन उनके सपनों के रास्ते में बाधा बनते थे। लेकिन उनके भीतर कुछ अलग करने की ललक और आत्मनिर्भर बनने का दृढ़ संकल्प हमेशा जीवित रहा।

इसी संकल्प ने उन्हें "राधिका स्व-सहायता समूह" से जोड़ दिया। समूह से जुड़ने के बाद उर्मिला को वित्तीय साक्षरता, बचत की आदत और छोटे-छोटे निवेश के महत्व की समझ मिली। यही उनके जीवन का टर्निंग पॉइंट साबित हुआ।

समूह के माध्यम से उन्होंने सामुदायिक निधि से 80 हजार रुपए और कैश क्रेडिट लिमिट (सीसीएल) के तहत 2 लाख रुपए का ऋण प्राप्त किया। इस राशि का उपयोग उन्होंने बेहद समझदारी से किया। उर्मिला ने घर पर ही सिलाई का काम शुरू किया, जिससे उन्हें नियमित आय होने लगी। उनके इस कार्य से गाँव की महिलाओं को भी स्थानीय स्तर पर सिलाई की सुविधा मिलने लगी। इसके साथ ही उन्होंने अपने पति निरपत सिंह के सहयोग से एक ऑटो खरीदा। यह कदम उनके परिवार के लिए आय का एक स्थायी स्रोत बना, वहीं गाँव के बच्चों को स्कूल आने-जाने की सुविधा भी उपलब्ध हो गई।

उर्मिला यहीं नहीं रुकीं। उन्होंने अपनी आय को बढ़ाने के लिए 2 एकड़ कृषि भूमि खरीदी और खेती के साथ-साथ अनाज एवं बीज के व्यापार की शुरुआत की। इस बहुआयामी प्रयास ने उनकी आय में लगातार वृद्धि की और आर्थिक मजबूती को नया आयाम दिया।

आज उर्मिला सिंह अपने गाँव में "लखपति दीदी" के नाम से जानी जाती हैं। उनकी सफलता की कहानी सिर्फ उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह महिला सशक्तिकरण का सशक्त उदाहरण भी है। उनके मार्गदर्शन में गाँव की कई महिलाएँ अब सिलाई, कृषि और छोटे व्यवसाय के माध्यम से आत्मनिर्भर बन रही हैं।

---

**सप्ताह के पांच दिनों में किसानों से उपज की होगी खरीदी, ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग**

# 7 अप्रैल से शुरू होगा गेहूं उपार्जन कार्य, नोडल अधिकारी किये गये नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले में रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर पंजीकृत कृषकों से 7 अप्रैल से 12 मई तक गेहूँ का उपार्जन किया जायेगा। जिला उपार्जन समिति की अनुशंसा पर कलेक्टर आशीष तिवारी ने गेहूँ उपार्जन हेतु 77 उपार्जन केंद्र निर्धारित किये हैं और इनके पर्यवेक्षण एवं सुचारू संचालन हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किये हैं। रबी विपणन वर्ष 2026-27 में गेहूँ का समर्थन मूल्य 2585 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। कृषकों से उपार्जन कार्य सप्ताह में सोमवार से शुक्रवार तक 5 दिवस प्रातः 8 बजे से सायं 8 बजे तक किया जायेगा। शनिवार एवं रविवार को खाद्यान्न का परिवहन, भण्डारण एवं लेखा मिलान का कार्य किया जायेगा। कृषक अपनी उपज के विक्रय हेतु www.mpeuparjan.nic.in पर स्लॉट बुकिंग कर सकेंगे।

कटनी नगर तहसील में उपार्जन केंद्र कन्हवारा के लिए नोडल अधिकारी हल्का पटवारी रामगोपाल यादव, कैलवारा चाका के लिए हल्का पटवारी निशांत पटेल, विपणन कटनी के लिए ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी रामगोविंद पटेल और वृहताकार कटनी के लिए ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी जयेश दुबे को बनाया गया है। इसी प्रकार कटनी तहसील में उपार्जन केन्द्र पहाड़ी के लिए हल्का पटवारी प्रमोद दीक्षित, हीरापुर कौड़िया के लिए ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी राहुल मिश्रा और सिंघनपुरी के लिए हल्का पटवारी धर्मेन्द्र सिंह बागरी नोडल अधिकारी होंगे।

ढीमरखेड़ा में उपार्जन केन्द्र कुदवारी के लिए नोडल अधिकारी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी निशा सोलंकी, खाम्हा के लिए हल्का पटवारी कृष्ण कुमार सोनी, खमतरा के लिए हल्का पटवारी लम्मू सिंह मरावी और कटरिया के लिए हल्का पटवारी महेन्द्र कुमार राय, ढीमरखेड़ा के लिए हल्का पटवारी राहुल चौरसिया, पोंडीकला के लिए हल्का पटवारी मनीष कुमार दाहिया, दसरमन के लिए हल्का पटवारी जॉय चक्रवर्ती, कछारगांव के लिए हल्का पटवारी अनीष इक्का, सिलौड़ी (नेगई) के लिए ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी रामेश्वर पंथी, कचनारी के लिए हल्का पटवारी विश्वनाथ सिंह और झिन्ना के लिए ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी पंकज चोपड़ा होंगे। उपार्जन केन्द्र मुरवारी के लिए हल्का पटवारी दानसिंह प्रधान, देवरी मंगेला के लिए हल्का पटवारी कविता गोटिय और उमरियापान (मंडी प्रांगण) के लिए ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी स्नेहलता कोरचे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

बड़वारा में उपार्जन केन्द्र बड़वारा (राय वेयरहाउस) के लिए ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सुभद्रा मुजलदे, विलायतकला के लिए हल्का पटवारी अहमद रजा खान, भजिया के लिए हल्का पटवारी भवन सिंह धाकड़, अमाड़ी के लिए हल्का पटवारी गौसमीन बानो, बसाड़ी के लिए हल्का पटवारी शुभलता सोनी, निगहरा के लिए हल्का पटवारी दीपमाला यादव और नन्हवारा सेझा के लिए हल्का पटवारी विवेक कुमार उर्मलिया नोडल अधिकारी होंगे।

बरही तहसील में उपार्जन केन्द्र करेला के लिए हल्का पटवारी श्याम सिंह रावत, करौंदीखुर्द के लिए हल्का पटवारी संजय सिंह राठौर, पिपरियाकला-1 के लिए ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी ब्रह्मानन्द परस्ते और बरही केंद्र के लिए ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी राहुल जाटव को जिम्मेदारी दी गई है।

बहोरीबंद में उपार्जन केन्द्र बहोरीबंद के लिए हल्का पटवारी मनोज कुमार मौर्य, हथियागढ़ के लिए हल्का पटवारी नंदनी वर्मन, बचैया के लिए ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी बबलू मूवेल, कुआं के लिए हल्का पटवारी अरविंद कुमार तिवारी, कूड़न के लिए हल्का पटवारी नेहा मरावी, किवलारी के लिए हल्का पटवारी रजनीश गुप्ता, बाकल के लिए ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी प्रेम मौर्य, मसंधा (छुरिया भटवां) के लिए पटवारी रोहित भुमिया, सिहुडी के लिए पटवारी अनिल कुमार कोल, बरही (बाकल) के लिए हल्का पटवारी इंद्रलाल बनवानी नोडल अधिकारी होंगे।

---

# पुरानी रंजिश पर दो पक्षों के बीच जमकर हुई मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बहोरीबंद थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत नीमखेड़ा में जवारा विसर्जन जुलूस के दौरान पुरानी रंजिश को लेकर दो गुट आपस में भिड़ गए। आरोप है कि एक पक्ष ने सरपंच को सरेआम जूतों की माला पहना दी, जिसके बाद भड़की हिंसा में कई लोग घायल हुए हैं। थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया के अनुसार घटना उस समय हुई जब गांव में जवारा जुलूस निकाला जा रहा था। सरपंच भागचंद गडारी अपने साथियों के साथ भजन-कीर्तन करते हुए चल रहे थे। तभी प्रकाश जायसवाल नामक व्यक्ति ने पुरानी दुश्मनी को लेकर सरपंच के गले में जूतों की माला डाल दी। इस अपमानजनक हरकत के बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और जमकर मारपीट हुई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों पर मामला दर्ज किया है।

### दोनो पक्षों ने की शिकायत

सरपंच भागचंद की रिपोर्ट पर पुलिस ने प्रकाश जायसवाल के खिलाफ धारा 296 और 115(2) के तहत मामला दर्ज किया है। दूसरे पक्ष की ओर से अनमोल जायसवाल ने आरोप लगाया कि सरपंच भागचंद, सौरभ और राजेंद्र ने उनके घर में घुसकर महिलाओं के साथ मारपीट की। पुलिस ने इस पर धारा 333, 296, 115(2), 351(2) सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। थाना प्रभारी का कहना है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है और स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

**खबर संक्षेप**

### 31 मार्च को विशेष जनसुनवाई, लंबित शिकायतों के समाधान पर रहेगा विशेष फोकस- कलेक्टर

**दमोह।** 31 मार्च मंगलवार को अवकाश नहीं होने के कारण निर्धारित जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। इस बार की जनसुनवाई को विशेष रूप से उन आवेदकों के लिए केंद्रित किया गया है, जिन्होंने मानवाधिकार आयोग, महिला आयोग, अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग, बाल संरक्षण आयोग, पिछड़ा वर्ग आयोग या अन्य किसी आयोग में शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन अब तक उसका निराकरण नहीं हो पाया है। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा कि इस विशेष जनसुनवाई का उद्देश्य लंबित शिकायतों का प्रभावी और त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने सभी संबंधित आवेदकों से आग्रह किया है कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में अवश्य उपस्थित हों। उन्होने कहा, प्रशासन का प्रयास रहेगा कि अधिकतम शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया जाए और नागरिकों को राहत प्रदान की जा सके।

### चौकी महेवा में मारपीट व जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज

**अमानगंज।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चौकी महेवा में मारपीट एवं धमकी का मामला सामने आया है। आरक्षक क्रमांक 88 कोमल चक्रवर्ती द्वारा प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी लोकेन्द्र सिंह बुंदेला (उम्र 40 वर्ष), निवासी ग्राम पवड़या, थाना अमानगंज, अपने पारिवारिक भाई भोलू राजा के साथ चौकी महेवा पहुंचकर जुबानी रिपोर्ट दर्ज कराई। फरियादी ने बताया कि दिनांक 28 मार्च 2026 को सुबह लगभग 8 बजे वह अपने घर के बाहर से बैल लेकर खेत की ओर जा रहा था। तभी उसका पारिवारिक भाई भोलू राजा घबराया हुआ आया और बताया कि सत्यजीत सिंह बुंदेला, गौरव सिंह बुंदेला, भूरे सिंह बुंदेला एवं अम्बर सिंह बुंदेला ने उसके साथ मारपीट की है। फरियादी ने भोलू राजा को घर की ओर भेज दिया। इसी दौरान आरोपी सत्यजीत सिंह बुंदेला और गौरव सिंह बुंदेला मौके पर पहुंचे और भोलू राजा के बारे में पूछते हुए गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर दोनों आरोपियों ने फरियादी के साथ लात-घूंसे से मारपीट शुरू कर दी। थोड़ी देर बाद भूरे सिंह बुंदेला और अम्बर सिंह बुंदेला भी वहां आ गए और गाली-गलौज करते हुए अम्बर सिंह ने डंडे से फरियादी के बाएं पैर में चोट पहुंचाई। वहीं विष्णु सिंह बुंदेला ने पत्थर फेंककर हमला किया। घटना के दौरान शोर सुनकर स्पेन्द्र राजा, सत्यम सिंह बुंदेला एवं छत्रपाल सिंह बुंदेला मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर विवाद शांत कराया। आरोप है कि जाते-जाते सभी आरोपियों ने फरियादी एवं उसके भाई को दोबारा मिलने पर जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद फरियादी ने डायल 112 पर सूचना दी और पुलिस की मदद से चौकी महेवा पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कर कर जांच शुरू कर दी है।

# राज्यमंत्री ने सामुदायिक भवनों के निर्माण कार्यों का किया भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

दमोह जिले की विधानसभा क्षेत्र जबेरा को प्रदेश की क्रमांक एक विधानसभा बनाने का संकल्प लेकर प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी निरंतर विकास कार्यों को गति दे रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने जनपद तेंदूखेड़ा के अंतर्गत आने वाले ग्राम बहेरियामाल और कोड़ल में सामुदायिक भवनों के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। ग्राम बहेरियामाल में लगभग 25 लाख रुपए तथा ग्राम कोड़ल में 15 लाख रुपए की लागत से बनने वाले इन सामुदायिक भवनों का उद्देश्य ग्रामीणों को सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है।



भूमि पूजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर राज्यपर मंत्री श्री लोधी ने अपने संबोधन में कहा कि जबेरा विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि उनका लक्ष्य जबेरा को पूरे मध्य प्रदेश में एक आदर्श और अग्रणी विधानसभा बनाना है। इसके लिए आधारभूत संरचनाओं का विकास, ग्रामीण सुविधाओं का विस्तार और सामाजिक ढांचे को मजबूत करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने सामुदायिक भवनों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गांवों में इस प्रकार की सुविधाएं होने से लोगों को विवाह, सामाजिक कार्यक्रम, बैठकें और अन्य सामूहिक गतिविधियों के आयोजन में सहूलियत मिलेगी। इससे न केवल समय और संसाधनों की बचत होगी, बल्कि ग्रामीणों के बीच आपसी सहयोग और सामाजिक एकता भी मजबूत होगी। राज्यमंत्री श्री लोधी ने यह भी बताया कि उनका सपना है कि जबेरा विधानसभा के प्रत्येक गांव में कम से कम एक सुसज्जित सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाए, जिससे हर ग्रामवासी को समान रूप से सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने आश्वासन दिया कि आने वाले समय में क्षेत्र में और भी विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी।

**खेरे धाम में जीवित है अनोखी परंपरा**

# पंचमीं को 1100 कलश स्थापना, पूर्णिमा पर हनुमान जनोत्सव में होगा भव्य समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



**चैत्र नवरात्रि भले ही संपन्न हो चुकी हो, लेकिन जनपद पंचायत जबेरा अंतर्गत ग्राम सगोड़ी के समीप स्थित सिद्ध क्षेत्र खेरे धाम में आस्था का उत्सव अभी भी जारी है। यहाँ वर्षों पुरानी परंपरा के तहत नवरात्रि के बाद भी धार्मिक अनुष्ठानों की श्रृंखला जारी रहती है, जो इस धाम को विशेष बनाती है।**

मंदिर के संस्थापक एवं मुख्य पुजारी नरेश मरावी पंडा के अनुसार, इस वर्ष भी नवरात्रि की पंचमी तिथि पर पूरे विधि-विधान के साथ 1100 मंगल कलशों में जवारों की स्थापना की गई थी। यह परंपरा पिछले 36 वर्षों से लगातार निभाई जा रही है, जो क्षेत्र की अटूट श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक है। नवरात्रि समाप्त होने के बाद भी मंदिर परिसर में अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित है और जवारों की हरियाली भक्तों को आकर्षित कर रही है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहाँ पहुंचकर माँ काली के दर्शन कर अपनी मनोकामनाएँ मांग रहे हैं। इस धार्मिक अनुष्ठान का समापन हनुमान जयंती (पूर्णिमा) के पावन अवसर पर किया जाएगा। इस दिन जवारों का विधिपूर्वक विसर्जन होगा और एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें दूर-दराज से आए श्रद्धालु शामिल होंगे। समापन अवसर पर मंदिर समिति द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरित किया जाएगा। कुल मिलाकर, खेरे धाम में निभाई जा रही यह परंपरा यह दर्शाती है कि यहाँ नवरात्रि केवल नौ दिनों का पर्व नहीं, बल्कि लंबे समय तक चलने वाला आस्था का महोत्सव है, जो श्रद्धालुओं को निरंतर जोड़कर रखता है।

**सियार के हमले के बाद स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल**

# घायल को इंजेक्शन से रखा वंचित सीएम हेल्पलाइन पर की शिकायत

हरिभूमि न्यूजःतेंदूखेडा/झलौन

झलौन रेंज के अंतर्गत वन्यजीव हमले की एक गंभीर घटना में 22 मार्च रविवार को धनेटा गांव में एक जंगली सियार द्वारा पांच ग्रामीणों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया गया। घटना दोपहर लगभग 2 बजे की बताई जा रही है, जब अचानक गांव में घुसे सियार ने दो बच्चों सहित पांच लोगोंघायलों में सुनील कुर्मी, आवेद पिता वाहेद खान 30 वर्ष, गनेश पिता राजकुमार पटेल 13 वर्ष, जवाहर सिंह मरावी 69 वर्ष और धनराज पिता कैलाश मरकाम को काटकर घायल कर दिया। घटना की सूचना तत्काल झलौन वन विभाग को दी गई, लेकिन वन अमला मौके पर पहुंचता उससे पहले ही सियार जंगल की ओर भाग गया। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा में भर्ती कराया गया, जहां चार लोगों को आवश्यक एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगा दिए गए। हालांकि, पीड़ित सुनील पिता बिहारी कुर्मी 28 वर्ष को अभी तक इंजेक्शन नहीं लग पाया है। सुनील का आरोप है कि 29 मार्च रविवार को अस्पताल पहुंचने पर उन्हें बताया गया कि इंजेक्शन महंगा है और रविवार होने के कारण वायल नहीं खोली जा सकती, इसलिए उन्हें सोमवार 30 मार्च को आने के लिए कहा गया। सुनील कुर्मी, जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं, ने इस व्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए कहा कि बार-बार अस्पताल आना उनके लिए कठिन है। उन्होंने इस मामले में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर के खिलाफ सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई है।

**वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सफ़ेद पोशाक पहनकर टीम**

# उम्मीद ने मातृ शक्ति के साथ मिलकर चलाया 21 वां साप्ताहिक स्वच्छता अभियान

**दमोह।** बेलाताल अटल पार्क में वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में टीम उम्मीद मातृशक्ति के साथ टीम के सभी लोगो ने 21वें साप्ताहिक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। इस अवसर पर टीम उम्मीद के सभी लोग सफ़ेद पोशाक में ही नजर आए। स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर हरीश पटेल ने बताया शहर में लगातार स्वच्छता कार्यों के साथ 21 में स्वच्छता अभियान के अवसर पर सफ़ेद पोशाक के साथ स्वच्छता करने की ये अनोखी पहल की गई। स्वच्छता गीत जीतेंगे जीतेंगे की शूटिंग भी इस दौर में है दमोह शहर की नए स्वच्छता गीत जीतेंगे जीतेंगे की शूटिंग भी इस अवसर पर की गई। मातृशक्ति स्वच्छता अभियान में अपनी अहम् भूमिका निभा रही हैं। टीम में उनका शामिल होना अन्य लोगों के लिए प्रेरणादायक पहल है। नगर पालिका सीएमओ राजेंद्र सिंह लोधी ने सभी लोगों के साथ स्वच्छता पर लोगों को जागरुक करने के लिए और क्या-क्या प्रयास किये जायें इस सब पर विचार विमर्श किया।



जन अभियान परिषद के जिला समन्व्यक सुशील नामदेव ने कहा सफेद रंग शांति और एकता को बढ़ावा देता है, इससे यह संदेश जाता है कि पूरे समुदाय को एकता के साथ गंदगी के खिलाफ लड़ना चाहिए यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। सेडमेप जिलाधिकारी पीएन तिवारी ने कहा वंदे मातरम् गीत भी सफ़ेद कपड़ों के साथ गाने का मतलब पवित्रता देशभक्ति सादगी और मातृभूमि के प्रति समर्पण को दर्शाता है। सफ़ेद रंग शांति और निष्पक्षता का प्रतीक है जो देश प्रेम की भावना को एक सात्विक और निस्वार्थ रूप देता है। स्वच्छता अभियान में स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर हरीश पटेल, नैना तिवारी, अभिलाषा पांडे, डाली कटारे, काजल पांडे, नीलम सैनी, सरिता सैनी, सुनीता मेशराम, सुचिता शर्मा, नैंसी जाटव, कुमकुम पाटकर, रश्मी कोरी, राकेश राठौर, धर्मेंद्र सोनी, महेंद्र सिंह लोधी, शिवम सोनी, दीपक राजपूत, माधव पटेल, ब्रजेश सेन, रवि पटेल, नैतिक सोनी, अर्जुन प्रताप सिंह, नगर पालिका सीएमओ राजेंद्र सिंह लोधी, जन अभियान परिषद के जिला समन्व्यक सुशील नामदेव, सेडमेप जिलाधिकारी पीएन तिवारी, एनआईसी अधिकारी योगेंद्र सिंह सहित दमोह नगर पालिका कर्मी शामिल रहे।

### अमानगंज में कार्यकर्ताओं ने सुनी 'मन की बात' का 132वां प्रसारण

**अमानगंज।** पन्ना जिले के भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा के निर्देश पर तथा अमानगंज भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. प्रशांत चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में अमानगंज मंडल के सभी बूथों पर कार्यकर्ताओं द्वारा नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' का 132वां प्रसारण सामूहिक रूप से सुना और देखा गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। सभी बूथों पर बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा देशहित में किए जा रहे प्रयासों, सामाजिक अभियानों एवं जनभागीदारी के विषयों पर चर्चा की गई, जिसे कार्यकर्ताओं ने ध्यानपूर्वक सुना। मंडल अध्यक्ष डॉ. प्रशांत चतुर्वेदी ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री सीधे देशवासियों से संवाद करते हैं और समाज को सकारात्मक दिशा देने का कार्य करते हैं। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे प्रधानमंत्री के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाएं।

### स्कूलों में ही बनेंगे और अपडेट होंगे आधार कार्ड

**पन्ना।** राज्य शिक्षा केन्द्र, स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश द्वारा भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के सहयोग से स्कूलों में छात्र-छात्राओं की सुविधा हेतु विद्यार्थियों के लिए आधार, अब विद्यालय के द्वार शिविर का अगला चरण एक अप्रैल से शुरू किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके विद्यालय परिसर में ही आधार से संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराना है, जिससे उन्हें नामांकन और अपडेट के लिए अलग से कहीं जाने की आवश्यकता न पड़े।

विद्यार्थियों के लंबित बायोमैट्रिक अपडेट को पूर्ण करने के उद्देश्य से अभियान का अगला चरण प्रारंभ किया जा रहा है। यह अभियान 1 अप्रैल से प्रारंभ होकर 15 मई 2026 तक संचालित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों को विद्यालय स्तर पर ही आधार से संबंधित सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा। आधार शिविरों के कुशल संचालन के लिए ऑपरेटर्स का चयन किया गया है। इसके साथ ही इस सबंध में शालाओं के प्रधानाध्यापकों को निर्देशित भी किया गया है कि वे यूडीआईएसई प्लस पोर्टल से उन विद्यार्थियों की सूची अद्यतन कर लें, जिनके आधार में एमबीयू पेंडिंग हैं। ऐसे विद्यार्थियों को आधार अपडेट कराने के लिए जागरूक करें और इसके लिए एक रोस्टर बनाएं। स्कूल शिक्षा विभाग की यह पहल मुख्य रूप से बच्चों के अनिवार्य बायोमैट्रिक अपडेट पर केन्द्रित है, जिसमें उनके आधार में उंगलियों के निशान, आइरिस स्कैन और एक तस्वीर अपडेट करना शामिल है। पहला अपडेट तब आवश्यक है, जब बच्चा 5 वर्ष का हो जाए। दूसरा एमबीयू तब आवश्यक है, जब बच्चा 15 वर्ष का हो जाए। दूसरा एमबीयू 15 से 17 वर्ष की आयु के बीच पूरा होने पर निःशुल्क है, लेकिन 17 वर्ष की आयु के बाद शुल्क लागू होता है।

अपडेटेड बायोमेट्रिक्स वाला आधार कार्ड, स्कूल प्रवेश, प्रवेश परीक्षा, छात्रवृत्ति और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर जैसी सेवाओं के लिए महत्वपूर्ण है। इसीलिए सरकार समयबद्ध तरीके से विद्यार्थियों की 100 प्रतिशत अपार आईडी बनाने का भी लक्ष्य रख रही है।

# बदल रही तस्वीर, कल्दा पठार के कई गांवों में चूजों को बड़ा करके मुर्गा-मुर्गी के रूप में विक्रय होने से घर का बने सहारा

पन्ना।

कौन कहता है कि अंतिम छोर के व्यक्तियों में रोजगार की दिषा पाना कठिन है। जिले में जीता जागता उदाहरण तत्कालीन जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संघप्रिय की सोच वहीं वर्तमान में जिला पंचायत के सीईओ उमराव सिंह मरावी जहां इस कार्य को बाखूबी आगे बढ़ा रहे हैं इस कार्य में वास्तविकता में ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना का सपना जो पूरा हुआ है वह जमीनी स्तर पर आज कल्दा पठार के कई गांवों में लगभग दो सौ महिलाओं को रोजगार प्रदान करने में जाना जा रहा है। गौरतलब बात यह है कि जब जिला प्रषासन के जिम्मेदार अधिकारियों के इरादे जब मजबूत होते है तो पहाड़ में भी रोजगार मिलने लगता है यह साबित हुआ कल्दा पठार में जहां कल्दा पठार की ग्राम पंचायत कल्दा के गुरजी ग्राम में जहां समूह गठित कर अजीविका मिषन के माध्यम से दिषा दी गई वहीं मनरेगा योजना के तहत हितग्राहियों को शेड बनाने में सहायता की गई। साथ ही सबसे बड़ी दास्ता तो इसमें तस्वीर बदलने को लेकर जो सामने आ रही है उसमें एमपीडब्ल्यू पीसीएल जो एक मध्यप्रदेष स्तर की पॉलिट्री, प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड है जो महिला स्व. सहायता समूहों को चूजे प्रदान करती है फिर इन चूजों के लिए दाना भी उपब्ध कराती है महिलाओं को जो मनरेगा योजना से शेड बनाकर दिये गये इन सेडो में चूजों को रखकर दाना खिलाकर उनकी परिवरिस करके उन्हें बड़ा किया जाता है। अधिकतम 25 या 30 दिन या 40 दिन तक चूजों को मुर्गा-मुर्गी के रूप में वजन कराकर कम्पनी के माध्यम से व्यापारियों को विक्रय किया जाता है। जिससे महिला स्व. सहायता समूह की महिलाओं को उनके घर में ही रोजगार मिलना तय हुआ। जो आज पन्ना जिले के कल्दा पठार जैसे पहाड़ के गांवों में लगभग दो महिलाओं को रोजगार का जरिया बना है। जिससे घर बैठे महिलाओं की आर्थिक समृद्धता की दिषा तय हुई है जिससे अंतिम छोर के व्यक्तियों को उनके घर में रोजगार देने का कार्य जिला प्रषासन के मुखिया कलेक्टर श्रीमती ऊषा परमार के मार्गदर्षन में वहीं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उमराव सिंह मरावी के निर्देषन में जहां अजीविका मिषन पन्ना वहीं एमपीडब्ल्यूपीसीएल कम्पनी के सीईओ के समन्वय के साथ आज जो पन्ना जिले में रोजगार की गारण्टी का सपना साकार हुआ है यहां दो सौ ग्रामीण क्षेत्र में अंतिम छोर की महिलाओं को रोजगार की दिषा उनके घरों में संभव हुई। यह सफलता कहीं न कहीं सपनों की उडान की मंषा तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संघप्रिय की सोच थी उसे साकार रूप में परिणित करने का कार्य वर्तमान में उमराव सिंह मरावी जिला पंचायत सीईओ के मार्गदर्षन में संभव हो रहा है।

# खेत में आग लगाना, अपनी ही धरती मां की कोख जलाने जैसा-कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले के गाँव सदगुवां और बम्हौरी में किसानों को नरवाई (फसल के अवशेष) न जलाने के लिए जागरूक करना एक बहुत ही सराहनीय और जरूरी पहल है। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा मिट्टी की उर्वरता और पर्यावरण को बचाने के लिए यह संदेश हर किसान तक पहुँचना आवश्यक है। खेत में आग लगाना, अपनी ही धरती मां की कोख जलाने जैसा है। किसानों को इस वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ समझाना उनके उज्जवल भविष्य के लिए हितकारी होगा। उन्होंने कहा नरवाई जलाने के नुकसान और उसे न जलाकर प्रबंधन करने के लाभ से कृषि विभाग ने दिशा निर्देश जारी किये हैं, निर्देशों का पालन किया जाना चाहिये। उपसंचालक कृषि ने किसान भाईयों से कहा मिट्टी के पोषक तत्वों का विनाश आग लगाने से मिट्टी में मौजूद नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटाश जैसे मुख्य तत्व जलकर नष्ट हो जाते हैं। मित्र कीटों की मृत्युः किसान के सच्चे मित्र जैसे केंचुए और अन्य सूक्ष्म जीवाणु, जो मिट्टी को उपजाऊ बनाते हैं, आग की गर्मी से मर जाते हैं। मिट्टी की गुणवत्ता में गिरावटः बार-बार आग लगाने से खेत की मिट्टी सख्त हो जाती है, जिससे उसकी जल सोखने की क्षमता कम हो जाती है। भारी वायु प्रदूषणः इससे निकलने वाला धुआं हवा को जहरीला बनाता है, जिससे सांस लेने में दिक्कत और आंखों में जलन जैसी समस्याएं होती हैं। दुर्घटना का डरः खेत की आग कई बार नियंत्रण से बाहर होकर आसपास के घरों, पशुओं या खड़ी फसलों को भी नुकसान पहुँचा सकती है। उपसंचालक कृषि ने बताया जैविक खाद का निर्माण यदि नरवाई को मिट्टी में ही मिला दिया जाए, तो वह सड़कर 'ह्यूमस' बनाती है, जो मिट्टी की शक्ति को कई गुना बढ़ा देती है। लागत में कमी मिट्टी उपजाऊ होने से अगली फसल में रासायनिक खादों (जैसे Urea या DAP) की जरूरत कम पड़ती है, जिससे किसान का खर्च बचता है। नमी का संरक्षण फसल के अवशेष खेत में रहने से मिट्टी में नमी लंबे समय तक बनी रहती है, जिससे सिंचाई के पानी की बचत होती है। बेहतर पैदावार स्वस्थ मिट्टी और मित्र कीटों की मौजूदगी से फसल की गुणवत्ता और पैदावार दोनों में सुधार होता है। पर्यावरण की रक्षा प्रदूषण कम होने से गांव का वातावरण शुद्ध रहता है और बीमारियां कम फैलती हैं।

### विकल्प क्या हैं?

किसानों को सलाह दी जा सकती है कि वे नरवाई जलाने के बजाय इन आधुनिक तरीकों को अपनाएं। वेस्ट डीकंपोजर (**Waste Decomposer**): इसका छिड़काव करने से नरवाई जल्दी सड़कर खाद बन जाती है। हैप्पी सीडर या सुपर सीडर इन मशीनों की मदद से नरवाई को बिना हटाए या जलाए सीधे अगली फसल की बुवाई की जा सकती है। पशु आहार इसे साफ करके भूसे के रूप में पशुओं के चारे के लिए भी उपयोग किया जा सकता है।

# जिले में बढ़ा गैस तथा पेट्रोल का संकट, अनेक पेट्रोल पंप बंद, गैस गोदाम में लगी भारी भीड़





**पन्ना।** गैस तथा तेल का संकट पूरे देश में बढ़ता जा रहा है इसी प्रकार पन्ना जिले में भी अनेक गैस गोदामों में लोगों को सिलेंडर नहीं मिल रहे हैं जिससे गोदाम के बाहर भारी भीड़ देखी जा रही है तथा लोग हंगामा कर रहे हैं जिले की गुनौर तहसील मुख्यालय में गैस गोदाम के बाहर भारी भीड़ देखी गई लोगों द्वारा हंगामा भी किया जा रहा है क्योंकि लोगों को गैस उपलब्ध नहीं हो पा रही है इसी प्रकार पन्ना जिला मुख्यालय से लेकर अन्य स्थानों पर पेट्रोल डीजल का संकट भी बढ़ता जा रहा है पन्ना नगर के आधे पेट्रोल पंपों पर तेल उपलब्ध नहीं है तथा जिन पर उपलब्ध है उनमें भारी भीड़ देखी जा रही है दूसरी तरफ प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार की समस्या से इनकार किया जा रहा है जबकि हकीकत में लोग भारी परेशान हैं एक कारण यह भी सामने आ रहा है कि लोग पेट्रोल तथा डीजल भारी मात्रा में स्टॉक के रूप में भी ले रहे हैं इससे और संकट गहरा था जा रहा है नगर के द्विवेदी पेट्रोल पंप सहित अन्य पेट्रोल पंप बंद हो गए हैं पेट्रोल डीजल उपलब्ध नहीं है जिससे लोग परेशान देखे जा रहे।

# जो स्नेह और सम्मान मिला वह अकल्पनीय और अभूतपूर्व - अवधेश प्रताप सिंह

### बुंदेलखंड की समृद्ध कला और संस्कृति को लेकर कलाकारों ने दी अनेक प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह






संस्कृति मंत्रालय मध्यप्रदेश शासन के सहयोग से छात्र सर्व कल्याण समिति जिला दमोह द्वारा बुंदेली सांस्कृतिक महोत्सव एवं वंदे मातरम का सामूहिक गायन कार्यक्रम का आयोजन प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय ज्ञानचंद्र श्रीवास्तव स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह स्थित सभागार में राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के दौरान मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह का सामाजिक और स्वेच्छिक संगठनों द्वारा नागरिक अभिनंदन किया गया जिसमें गायत्री परिवार, करणी सेना परिवार टीम जीवन सिंह शेरपुर, विश्वकर्मा महिला मंडल, विश्व हिंदू परिषद, वूमेंस क्लब, स्वदेशी जागरण मंच, सीएमसीएलडीपी परामर्शदाता सहित अनेक प्रबुद्ध जनों ने नागरिक अभिनंदन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित और मां सरस्वती की वंदना का गायन कर किया गया।

राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह ने कहा वंदे मातरम के 150 वर्ष होने के उपलक्ष्य में यह बहुत ही उत्कृष्ट आयोजन है। बुंदेलखंड की समृद्ध कला और संस्कृति को संवारने के लिए संस्था का सराहनीय प्रयास हैं। आप सभी के द्वारा प्राप्त स्वागत सम्मान अकल्पनीय और अभूतपूर्व है इस हेतु में आप सभी का सदैव आभारी रहूंगा हमारे बुंदेलखंड की कला और संस्कृति अत्यंत समृद्ध और गौरवशाली है जिसे संरक्षित करने की आवश्यकता है। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमरिया ने कहा हम सभी मानवाधिकार आयोग के नव नियुक्त अध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह का दमोह की पावन धरा पर स्वागत वंदन और अभिनंदन करते हैं एक लंबा प्रशासनिक अनुभव रहा है जो निश्चित रूप से अब आयोग के रूप में समाज को लाभान्वित करेगा बुंदेलखंड की कला और संस्कृति को लेकर छात्र सर्व कल्याण समिति निरंतर कार्य करती आ रही है सभी आयोजकों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा सूर्य की तरह दिव्यमान व्यक्तित्व आज हम सभी के बीच में आया है मैं सर का संपूर्ण जिले वासियों की ओर से स्वागत वंदन अभिनंदन करता हूं। इस दौरान दमोह के वरिष्ठ साहित्यकार नरेंद्र दुबे एवं केंद्रीय विद्यालय पुस्तकालयाध्यक्ष आनंद कुसमरिया ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के अंत में सभी कलाकारों और सहयोगियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष डॉ. मंजू कटारे, दमोह जनपद अध्यक्ष प्रीति ठाकुर, पथरिया जनपद सदस्य संगीता श्रीधर, वरिष्ठ साहित्यकार नरेंद्र दुबे, केन्द्रीय विद्यालय पुस्तकालयाध्यक्ष साहित्यकार आनंद कुसुमरिया बुंदेलखंड के प्रसिद्ध लोकगीत गायक विजय तिवारी, वंदना शर्मा, चंद्रवती शर्मा, नितिन खरे और टीम द्वारा अनेक प्रस्तुतियां दी साथ ही सामूहिक वंदे मातरम् गायन शिवानी जैन, डोली कटहरे, दीक्षा राय, नैना तिवारी, अभिलाषा पांडे, सहित अनेक गणमान्यजनों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक भूपेंद्र कुमार जैन और स्वागत भाषण आयोजन समिति के अध्यक्ष कृष्णा पटैल ने प्रस्तुत किया एवं आभार रोहित जैन ने व्यक्त किया।

**खबर संक्षेप**

### महावीर जयंती पर जिले में आज अवकाश घोषित

**दमोह।** स्थानीय परिस्थितियों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा प्रस्तुत ज्ञापनों के आधार पर समग्र विचारोपरांत दमोह जिले में कैलेण्डर वर्ष 2026 में घोषित अवकाशों की सूची में महावीर जयंती के उपलक्ष्य में 31 मार्च 2026 दिन मंगलवार को घोषित अवकाश के स्थान पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने अब संपूर्ण दमोह जिले में आज 30 मार्च 2026 दिन सोमवार को सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया है। उन्होंने निर्देशित किया है कि 31 मार्च 2026 को जिले के सभी शासकीय कार्यालय तथा संस्थान खुले रहेंगे एवं सामान्य कार्यालयीन कार्य संपादित किये जायेंगे।

### आज पशुवध गृह एवं मांस मछली विक्रय की दुकानें बंद रहेंगीं

**दमोह।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने 18 मार्च 2026 को जारी आदेश में आंशिक संशोधन करते हुये 31 मार्च 2026 के स्थान पर 30 मार्च 2026 को दमोह जिले की राजस्व सीमा में स्थित समस्त पशुवध गृह एवं मांस, मछली विक्रय की दुकानों का संचालन पूरी तरह से बंद रखने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा 18 मार्च 2026 को जारी आदेश में उल्लेखित तिथियों पर लगाये गये शेष प्रतिबंध यथावत जारी रहेंगे।

### 19 सिलेंडर घरेलु सिलेंडर जप्त कर 13 प्रकरण बनाए

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत जिले में समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं खाद्य विभाग के संयुक्त जाँच दल द्वारा अपने-अपने अनुविभाग में संचालित प्रतिष्ठानों होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा आदि लगभग 40 प्रतिष्ठानों पर कार्यवाही/निरीक्षण किया गया। जाँच दल ने व्यावसायिक उपयोग करते हुये पाये जाने पर कुल 19 सिलेंडर घरेलु सिलेंडर जप्त कर 13 प्रकरण बनाए हैं। इनमें अनुविभाग तेंदुखेडा में कान्हा फैमिली रेस्टोरेंट 02, राजा मिष्ठान भंडार 02, अन्नपूर्णा रेस्टोरेंट 01, अन्नपूर्णा होटल 01, अनुविभाग हटा में पंचवटी ढाबा 01,अग्रवाल भोजनालय 01, बुंदेली रसोई 02 शामिल हैं। इसी प्रकार पथरिया अनुविभाग में रेस्टोरेंट में 03, दमोह अनुविभाग में अर्जुन होटल के नीचे स्टेशन के पास 01, मनोहर चाय जबलपुर नाका 01, शुक्ला भोजनालय 02, मोमोज किल्लाई नाका 01, ब्रजवासी होटल बस स्टैंड 01 घरेलु सिलेंडर जप्त किया गया हैं।

# अधर में अटका गैसाबाद सीमेंट प्लांट 6 वर्ष बाद भी नहीं हुआ निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गेसाबाद



सन 2019 में जब प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ द्वारा ग्राम गैसाबाद में सीमेंट फैक्ट्री खोल जाने की घोषणा की थी तो क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई थी। ग्रामीण जनों के बीच एक आशा की किरण जागृत हुई थी कि अब उन्हें अपने ही गांव में रोजगार मिलेगा मजदूरों को काम मिलेगा सीमेंट प्लांट निर्माण के लिए कंपनी द्वारा करीब 200 एकड़ जमीन भी खरीदी जा चुकी थी। काम अपनी पूरी गति से चल रहा था कि अचानक राजनीतिक उठा पटक के चलते सन 2020 में कांग्रेस की कमलनाथ सरकार गिर जाती है सरकार गिरते ही कंपनी निर्माण का कार्य प्रभावित होता है और सीमेंट प्लांट निर्माण की प्रक्रिया अवरुद्ध होकर रह जाती है तब से लेकर आज तक करीबन 6 वर्ष का समय गुजर जाने के बाद भी सीमेंट प्लांट निर्माण के नाम पर आज तक एक ईट तक नहीं रखी गई। जबकि पन्ना जिला के पुरैना ग्राम की जेके सीमेंट फैक्ट्री बनकर तैयार हो गई और पिछले 2 वर्ष से चालू है जबकि यह फैक्ट्री गैसाबाद फैक्ट्री के बाद में स्वीकृत हुई थी। भाजपा की सरकार बनते ही गैसाबाद सीमेंट प्लांट के मालिक बदल गए पहले स्प्रिंगवे माइवेट लिमिटेड कंपनी एन श्रीनिवास द्वारा प्लांट की स्थापना योजना 393 हेक्टेयर जमीन और पड़ोसी जिला पन्ना से लाइमस्टोन लीज के साथ 2.20 मिलियन टन प्रतिवर्ष क्षमता का प्लान प्रस्तावित था, बाद में सरकार बदलते ही यह सीमेंट प्लांट जेएसडब्ल्यू कंपनी के अंतर्गत स्थानांतरित कर दिया गया। जेएसडब्ल्यू कंपनी द्वारा किसानो की जमीन तो खरीदी गई लेकिन प्लांट निर्माण के लिए कोई पहल नहीं की गई। किसानों ने भी वर्तमान जेएसडब्ल्यू कंपनी पर जमीन खरीदी में भाई भतीजाबाद करने एवं अलग-अलग रेट पर जमीन खरीदे जाने के आरोप लगाए हैं। किसानों ने हरिभूमि को बताया कि शुरू शुरू में कंपनी द्वारा कुछ किसानों की जमीन 15 लाख प्रति एकड़ के हिसाब से खरीदी गई बाद में कुछ लोगों की 20 लाख प्रति एकड़ और अभी हाल ही में कुछ महीनों पूर्व 30 से 40 लाख रुपया प्रति एकड़ के हिसाब से कुछ किसानों की जमीन चुपचाप तरीके से खरीदी गई है ,कुछ किसानों ने इसका विरोध करते हुए बाकायदा किसानों की मीटिंग भी बुलाई थी और मीडिया के सामने कंपनी के खिलाफ आंदोलन करने की चेतावनी दी थी, ग्रामीण जन बताते हैं कि कंपनी में हम लोगों को अभी तक कोई काम धंधा प्राप्त नहीं हुआ है कुछ स्थानीय लोगों ने बताया कि जेएसडब्ल्यू में जो सिक्योरिटी गार्ड भर्ती किए गए हैं वह सभी के सभी बाहरी हैं।

स्थानीय लोगों को प्राथमिकता नहीं दी जा रही है, बुजुर्ग बताते हैं कि ग्राम में सीमेंट फैक्ट्री खुलने से अभी तक तो सिर्फ उन्हीं लोगों को फायदा हुआ है जिनकी जमीन फैक्ट्री में गई है या जिनके वाहन फोर व्हीलर ट्रैक्टर कंपनी में लगे हुए हैं बाकी आम जनता को फैक्ट्री से अभी तक कोई लाभ प्राप्त नहीं हुआ है मजदूरों को मजदूरी भी नहीं मिल रही है शिक्षित युवा बेरोजगार युवकों को रोजगार भी मिलता नहीं दिख रहा है, कंपनी थोड़ा बहुत दिखावे के लिए तो गांव में छोटे-मोटे काम कर के वाह वाहीं लूटने का प्रयास कर रही है, लेकिन चश्मा बांटने से स्कूलों की पुताई करा देने से, और क्रिकेट मैच का आयोजन करके, गांव का विकास नहीं होता है, जबकि गांव का विकास होता है गांव में अस्पताल का निर्माण कराने से, गांव में सामुदायिक भवन का निर्माण कराने से गांव के युवाओं को रोजगार देने से गांव के मजदूरों को काम देने से लेकिन यह जनकल्याणकारी काम तो कंपनी कर नहीं रही है जो उसे करना चाहिए जिससे गांव का विकास होना है ग्रामीण जनों ने हरिभूमि संवाददाता को बताया कि जेएसडब्ल्यू कंपनी में कुछ लोग अपनी सेटिंग बनाकर सत्ताधारी पार्टी के नाम पर फायदा उठाते हुए अपना स्वयं का विकास तो कर रहे हैं लेकिन ग्राम के विकास के लिए कोई प्रयास नहीं कीये जा रहे है जो चिंता का विषय है गैसाबाद ग्रामीण अंचल के आम अमाम एवं स्थानीय लोगों ने शासन प्रशासन और जिला कलेक्टर से मीडिया के माध्यम से यह मांग की है कि जब फैक्ट्री हमारे गांव में बन रही है तो फैक्ट्री में काम भी हमारे गांव के लोगों को ही मिलना चाहिए ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षित युवा बेरोजगारों को कंपनी में रोजगार मिलना चाहिए सबसे पहले स्थानीय लोगों को प्राथमिकता मिलनी चाहिए जिन किसानों की जमीन कम रेट पर खरीदी गई है उन किसानों को मुआवजा राशि मिलना चाहिए और यदि ऐसा नहीं होता है तो हम स्थानीय लोग जेएसडब्ल्यू सीमेंट कंपनी की मनमानी का विरोध करेंगे, अब देखना यह होगा कि शासन और प्रशासन इस ओर कब और कितना ध्यान देती है, या फिर सब यूं ही चलता रहेगा।

# पुलिस ने अवैध शराब की 304 पेटी पकड़ी



**पथरिया।** नगर के रेल्वे पुलिया के पास पुलिस द्वारा अवैध शराब पर बड़ी कार्यवाही कर 304 पेटी (2777.76 लीटर) अवैध शराब जप्त की गई, जिनकी कुल कीमत लगभग 15,30,000 रूपये बताई गई।नगर में अवैध शराब का कारोबार वैसे तो हर जगह चर्चित है कि कैसे शासकीय दुकान से ज्यादा अवैध रूप से शराब की बिक्री क्षेत्र में हो रही है। अवैध शराब की बिक्री को नियंत्रण में लाने हेतु पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया द्वारा शराब माफियाओं पर नकेल कसने के लिए निर्देशित किया गया उक्त निर्देशों के अनुक्रम में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पथरिया सुश्री प्रिया सिंधी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पथरिया अमित मिश्रा व उनकी टीम ने नगर में बढ़ रही अवैध शराब बरामद कर बड़ी सफलता हासिल की गई। 29 मार्च को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि रेल्वे पुलिया के पास एक चार पहिया वाहन पिकअप में अवैध शराब प्लास्टिक की क्रेटो से ढक कर खाली होने आ रही है जो सूचना की तस्दीक में एक बोलेरो पिकअप वाहन क्र.एम.पी. 15 जेड. जी. 3849 का चालक मय पिकअप वाहन के रेलवे पुलिया के सामने एक नवनिर्माणाधीन मकान के अंदर के जाकर घुस गया,जो मकान की शटर बंद करने आ रहा था, जो पुलिस को देखकर बिना शटर बंद करे अंदर की ओर भागकर मकान के पीछे लगे पेड़ के सहारे कूद कर भाग निकला. जो बोलेरो पिकअप की व मकान की तलाशी लेने पर 304 पेटी (2777.76 लीटर) अवैध शराब रखी मिली.जो अवैध शराब को विधिवत जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया तथा नवनिर्माणाधीन मकान मालिक का पता करने पर मौके उपस्थित लोगों द्वारा मकान कोमल अहिरवार निवासी जिला सागर का होना बताया गया. कोमल अहिरवार व पिकअप चालक के विरूद्ध धारा 34(2) अबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया है।

### जांच के घेरे में कई नाम

पुलिस अब इस बात की तफ्तीश कर रही है कि इतनी बड़ी मात्रा में शराब कहाँ से लाई गई थी और इसका वितरण कहाँ होना था। जब्त वाहन के दस्तावेजों और मकान मालिक के रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं। माना जा रहा है कि इस खुलासे के बाद कई और बड़े नामों पर गाज गिर सकती है।

# समाज में समरसता और सशक्तिकरण के लिए मानवाधिकारों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक - मानवाधिकार आयोग अध्यक्ष

### जिला प्रशासन और अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मध्य प्रदेश मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह ने स्थानीय सर्किट हाऊस में जिला प्रशासन और अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक ली। इस अवसर पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत कुमार भदौरिया, वनमंडल अधिकारी ईश्वर जरांडे, जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे, तहसीलदार रॉबिन जैन, नगरपालिका सीएमओ राजेंद्र सिंह लोधी, टीआई मनीष कुमार सहित अन्य अधिकारियों की मौजूदगी रही। बैठक में म.प्र मानवाधिकार आयोग अध्यक्ष डॉ. श्री सिंह ने विशेष रूप से पेयजल की गुणवत्ता और आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा करते हुए गुणवत्ता युक्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस विषय पर अधिकारियों ने जानकारी दी कि पेयजल की गुणवत्ता संतोषजनक है और जहां पाइपलाइन क्षतिग्रस्त थी, वहां सुधार कार्य किए जा चुके है। उन्होंने मानवाधिकार आयोग में लंबित मामलों की सूची जिला कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर को सौंपी और जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग से संबंधित मामलों में आवश्यक जानकारी शीघ्र आयोग को भेजने के निर्देश दिए। मानवाधिकार आयोग अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा पुलिस प्रशासन से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा हुई और संबंधित अधिकारियों ने उन पर त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने हाल ही में अतिवृष्टि और ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों की स्थिति की भी समीक्षा की। इस संबंध में जिला कलेक्टर ने वस्तुस्थिति से अवगत कराया। मानवाधिकार आयोग अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि शासन, प्रशासन और मानवाधिकार आयोग की संयुक्त जिम्मेदारी है आम नागरिकों के अधिकारों का संरक्षण सुनिश्चित किया जाए और उन्हें विकास योजनाओं का पूरा लाभ मिले। बैठक को सकारात्मक और सार्थक बताते हुए उन्होंने कहा इस प्रकार की समन्वय बैठकों से प्रशासनिक कार्यों में सुधार और पारदर्शिता बढ़ती है। बैठक में जिले से जुड़े विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई।





### मानव अधिकार आयोग अध्यक्ष पहुंचे बांदकपुर

**दमोह।** मध्य प्रदेश राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह आज जिले के श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर के दर्शन करने पहुंचे। उन्होंने श्री जागेश्वर नाथ धाम का पूजन अर्चन किया।

# कार चालक ने दो भैसों को मारी टक्कर




**तेन्दूखेड़ा।** ग्राम सांगा में मुख्य सड़क मार्ग शनिवार शाम 7 बजे एक कार ने तेज गति से चलाते हुए दो भैसों को टक्कर मार दी जिससे दोनों भैसों की मौके पर ही मौत हो गई भैस मालिक अभय कुमार जैन पिता मोहनलाल जैन 65 निवासी ग्राम सांगा ने बताया कि कार क्र. एमपी 20 सीबी 4955 का चालक ने शाम को भैसें चरकर घर आ रही थी उसी समय एक कार के चालक ने तेजगति एवं लापरवाही से चलाकर मेरी दोनो भैसों को टक्कर मार दी जिससे मौके पर ही मेरी दोनों भैसों की मौत हो गई जिससे मेरा करीबन एक लाख पच्चीस हजार रूपये का नुकसान हुआ है। मौके पर नीलेश यादव एवं देवीदास चैधरी ने घटना देखी है। पुलिस ने कार चालक पर धारा-281,324(5), बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर चालक की तलाश शुरू कर दी हैं। साथ ही वाहन को पुलिस थाना में रखवाया हैं।

# अजब धाम में ऐतिहासिक उपनयन संस्कार: 125 ब्राह्मण बालक-युवाओं ने धारण किया यज्ञोपवीत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

रविवार, 29 मार्च का दिन अजबधाम के लिए आध्यात्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से ऐतिहासिक बन गया, जब देव रामकोमार मंदिर परिसर में एक भव्य आयोजन के दौरान 125 ब्राह्मण बालकों और युवाओं का सामूहिक उपनयन संस्कार संपन्न कराया गया। वैदिक मंत्रोच्चार और सनातन धर्म की परंपराओं के अनुरूप हुए इस आयोजन ने पूरे क्षेत्र को भक्ति और श्रद्धा के अद्भुत वातावरण से सराबोर कर दिया। मंदिर के महंत श्री रामनुग्रह दास जी 'छोटे सरकार' के परम सानिध्य एवं कुशल निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में सभी बटुकों का विधिवत उपनयन संस्कार कराया गया। संस्कार की प्रक्रिया में मुंडन, प्रायश्चित स्नान, पंचांग पूजन, दंड धारण, जनेऊ पूजन एवं धारण, अग्नि पूजन, प्रथम दीक्षा, वेद अध्ययन, भिक्षा तथा समावर्तन जैसे सभी वैदिक विधान पूर्ण श्रद्धा और अनुशासन के साथ संपन्न किए गए। विशेष रूप से समावर्तन संस्कार के माध्यम से ब्रह्मचर्य आश्रम से गृहस्थ जीवन की ओर अग्रसर होने का संदेश भी दिया गया, जो जीवन के विभिन्न आश्रमों की परंपरा को दर्शाता है। इस पावन अवसर पर विद्वान आचार्यों और पंडितों—डॉ. सतीश मिश्रा, पंडित संतोष प्यासी, पंडित मुकेश मिश्रा, पंडित विनोद मिश्रा एवं पंडित कुलदीप पटेरिया ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सभी विधियों को संपन्न कराया। आचार्य डॉ. सतीश मिश्रा ने अपने उद्बोधन में युवाओं को सनातन धर्म की परंपराओं का पालन करने, संस्कारों को जीवन में उतारने और धर्म की मर्यादाओं का संरक्षण करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में महंत श्री छोटे सरकार ने सभी बटुकों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उन्हें सनातन संस्कृति की रक्षा और उसके मूल्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प दिलाया। इस भव्य आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ किया, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का एक सशक्त संदेश भी दिया। अजबधाम में हुआ यह सामूहिक उपनयन संस्कार निश्चित ही आने वाले समय में एक प्रेरणास्त्रोत के रूप में याद किया जाएगा एवं सनातन धर्म के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

### जरा सी बात पर आत्महत्या करने के मामले आ रहे सामने, उन विभाग क्षेत्र में जहर खाने और फांसी लगाने की घटनाएं बढ़ी

# बूढ़े हटा में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

क्षेत्र में घटना दुर्घटना में जान जाना एक अलग विषय है लेकिन छोटी सी बात पर अपनी जान देना कहा का न्याय है अगर कोई समस्या है तो उसका हल भी ढूढा जा सकता है। लेकिन आज के समय में जिस तरह सायबर फ्रॉड की घटनाए सामने आ रही हैं उसी तरह आत्महत्या करने के मामले भी लगातार सामने आ रहे है। कभी जहर खाने के कारण तो कभी फांसी लगाए जाने के कारण। यह घटनाए एक तो कम आयु के लोगो के साथ हो रही है जो युवा होने की दहलीज पर खडे है। अधिकतम घटनाए 16 से 25 वर्ष की आयु में हो रही है। इसके अलावा दूसरी घटनाए शादी होने के दो से 4 वर्ष के बीच मे पारिवारिक कलह को लेकर सामने आ रही है। अनुविभाग में एक न एक थाना स्तर पर इस तरह की घटनाए पढ़ने और सुनने मिल रही है। घटनाओं में कोई बढी बजह भी सामने नही आ रही है। इन सभी घटनाओं में मर्ग के मामले दर्ज होते है पोस्टमार्टम होते है जांच की जाती है। लेकिन कोई बडे कारण सामने नही आ रहे है। ऐसा ही एक मामला नगर के गांधी वार्ड में सामने आया है जहां एक 29 वर्षीय युवक द्वारा अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांधी वार्ड निवासी हेमंत उर्फ बड्डू अहिरवार अपने परिवार के साथ एक ही मकान में अलग कमरे में रहता था। बताया जा रहा है कि घटना के समय उसकी मां और भाभी बाजार गई हुई थीं। जब वे शाम को वापस लौटीं तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। काफी देर तक आवाज देने के बावजूद कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर परिजनों ने दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया। कमरे के अंदर का दृश्य देखकर सभी स्तब्ध रह गए। युवक रोशनदान की लोहे की जाली से पीले तौलिये के सहारे फांसी पर लटका हुआ मिला। परिजनों ने तुरंत आसपास के लोगों को सूचना दी। परिवार के अनुसार मृतक शराब पीने का आदी था और पूर्व में भी आत्महत्या का प्रयास कर चुका था। फिलहाल परिजनों ने किसी प्रकार की साजिश या संदेह की आशंका नहीं जताई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम हेतु सिविल अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी।

# फांसी के फंदे पर झूलता मिला महिला का शव मायके पक्ष के लोगों ने लगाया हत्या का आरोप

**तेंदूखेड़ा।**थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सलैया मे सीताबाई पति बिहारी अहिरवार 32 ने फांसी के फंदे से लटककर अपनी जान दे दी। मृतिका के पति ने बताया कि सीता बहुत दिनों से सीने में दर्द को लेकर परेशान थी। उसका इलाज भी कराया लेकिन आराम नहीं मिला, शनिवार दोपहर जब घर में कोई नहीं था लगभग 3 बजे म्यारी में फंदा बनाकर फांसी लगा ली। हम लोग जैसे ही घर पहुंचे तो फंदे पर तड़प रही थी तत्काल ही नीचे उतारा लेकिन थोडी देर के बाद मौत हो गई।



### मायके पक्ष के लोगों ने लगाए आरोप

इधर मृतका सीताबाई की छोटी बहन कौशा और पार्वती अहिरवार सहित परिजनों ने सुसराल पक्ष के लोगों पर हत्या का आरोप लगाये है उन्होंने कहा कि उनकी बहन सीताबाई अहिरवार की शादी 15 साल पहले हुई थी और तीन बच्चे भी हैं लेकिन मृतका का पति आए दिन शराब पीता था और मेरी बहन के साथ मारपीट करता था जब मेरी बहन अपने घर मायके आती थी तब उसका पति शक करता था मृतका के फूफा देवकरण अहिरवार ने बताया मेरी भतीजी की हत्या कर उसे फांसी के फंदे पर लटका गया है पहले उसकी हत्या की गई है क्योंकि मृतका सीताबाई के गले में चोट के निशान थे जो उसके पति ने चूना लगाकर मिटाने का प्रयास किया है मृतका चार चार पांच पांच महीने अपने मायके में रहती थी क्योंकि उसका पति आए दिन मारपीट करता था और सुसराल वाले भी मृतका की मां ने बताया कि मेरी बेटी को हमेशा से परेशान किया जाता रहा है थाने में कई बार शिकायतें की है साथ ही महिला थाने में भी मामला दर्ज है मायके पक्ष के लोगों ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की मायके पक्ष के आरोपों पर सुसराल वालों की और से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है घटना का वास्तविक कारण अभी अज्ञात है पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही। प्रधान आरक्षक ब्रजेश तिवारी ने बताया कि पति के ब्यान के आधार पर धारा 194 बीएनएसएस के तहत मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। साथ ही संपूर्ण मामले की बारीकी से जांच की जा रही हैं।

# दीनदयाल नगर मंडल भाजपा का प्रशिक्षण वर्ग का सफल समापन

**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार एवं जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे के मार्गदर्शन में दीनदयाल नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया के नेतृत्व में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 अंतर्गत आयोजित प्रशिक्षण वर्ग का समापन स्थानीय पवित्र बंधन गार्डन परिसर में सफलतापूर्वक हुआ। प्रशिक्षण वर्ग के अंतिम दिवस प्रातःकाल सभी प्रशिक्षणार्थियों ने सामूहिक रूप से योग एवं व्यायाम कर दिनचर्या की शुरुआत की। इसके पूर्व विभिन्न सत्रों के माध्यम से संगठनात्मक विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। समापन सत्र में मुख्य वक्ता जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे रहें। अध्यक्षता एडवोकेट किशोरी लाल ताम्रकार ने की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला महामंत्री महेश पटेल, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता पन्ना लाल लखेरा मंचासीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। अंतिम सत्र में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने "भारतीय जनता पार्टी का इतिहास एवं विकास" विषय पर विस्तृत उद्बोधन देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक विचारधारा आधारित संगठन है, जिसकी जड़ें भारतीय संस्कृति, राष्ट्रवाद और सेवा भाव में निहित हैं। उन्होंने बताया कि जनसंघ से लेकर आज तक पार्टी ने अनेक संघर्षों का सामना करते हुए देश की राजनीति में अपनी मजबूत पहचान बनाई है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी की रीति-नीति और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें।समापन अवसर पर अतिथियों ने प्रशिक्षण वर्ग की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यकर्ताओं के वैचारिक एवं संगठनात्मक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद हटा जिला दमोह**

क्र./लोक निर्माण/निविदा/2026/2051 — **द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना** — हटा, दिनांक 26.03.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीय ई-रजिस्ट्रेशन प्रणाली से लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत समस्त ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है । निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_494954_1 26-03-2026 | बालाजी वार्ड में बोर खनन कार्य | 1- 01 माह 2- 1.23 लाख | 1- 1000.00 2- 2500.00 | 04-04-2026 |

नोट:- 1. निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in की बेवसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद हटा जिला दमोह